Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide funds for Dr. Ambedkar Chair, Patna University, Bihar-laid

श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी (कटिहार): बिहार की राजधानी पटना में डा0 अम्बेडकर चेयर, पटना विश्वविद्यालय में स्थापित है । ये सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा संचालित डा0 अम्बेडकर फाउण्डेशन,नई दिल्ली के माध्यम से संचालित और संपोषित होता है । इसी तरह कई राज्यों में जैसे डा0 अम्बेडकर चेयर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश, बड़ौदा विश्वविद्यालय गुजरात, हरी सिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर मध्यप्रदेश में प्रशिक्षण एंव शोध का कार्य चल रहा है । लेकिन इसमें कार्यरत प्रोफेशर, शोध पदाधिकारी और अन्य कर्मचारी जन को वर्ष 2019-2020 एंव 2020-2021 की संचालन हेतु संपोषण राशि निर्गत न होने के कारण यहॉ के कर्मचारियों की वित्तीय स्थिति दयनीय हो गयी है । मैं मा0 सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से मॉग करता हूँ कि डा0 अम्बेडकर चेयर, पटना विश्वविद्यालय को वर्ष 2019-2020 एंव 2020-2021 की संचालन हेतु संपोषण राशि जो लम्बित पड़ी है । इसको अविलम्ब जारी करने का आग्रह करता हूॅ ।